कांग्रेस में नई ऊर्जा भर गई युवाओं की गूंज

कार्यक्रम में छात्रों के साथ अभिभावकों की मौजूदगी ने बढ़ाया उत्साह

करन सिंह दयाल

देहरादून। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के कार्यक्रम छात्रों की गूंज में युवाओं और छात्रों की भारी भागीदारी ने कांग्रेस में नई जान फूंकने के संकेत दिए हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे युवाओं के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे, जिससे आयोजन स्थल पर उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। लंबे समय बाद कांग्रेस के कार्यक्रम में इस तरह युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में आए लोगों ने कहा कि यह भीड़ केवल एक कार्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं के भीतर बढ़ती उम्मीद और बदलाव की चाह को दर्शाती है। कार्यक्रम स्थल पर दोपहर बाद से ही युवाओं का पहुंचना शुरू हो गया था और शाम करीब साढ़े सात बजे तक छात्र-छात्राएं अपने साथियों के साथ समूहों में पहुंचे, वहीं कई अभिभावक भी अपने बच्चों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए।

देहरादून में कांग्रेस के गूंज कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। संवाद

अभिभावकों ने कहा कि रोजगार, शिक्षा और भविष्य से जुड़े मुद्दे अब केवल युवाओं तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि परिवारों की चिंता का विषय बन चुके हैं। वहीं, युवाओं ने खुलकर बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में देरी, नकल, धांधली, सीमित अवसर और निजी क्षेत्र में कम वेतन जैसे मुद्दों पर बात रखी। कई युवाओं ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनकी आवाज अब नीति नियंताओं तक पहुंचेगी।

दून आते ही सबसे पहले सांत्वना देने आलोक के घर पहुंचे राहुल

देहरादून। सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को दून पहुंचते ही सबसे पहले कांग्रेस नेता अमर मेहता के घर पर पहुंचे। उन्होंने वहां उनके पुत्र आलोक मेहता से मुलाकात की और उनको ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने पूरे परिवार से बात की। उसके बाद वह बैठक के लिए चले गए। दरअसल, बृहस्पतिवार को छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए बन्नू स्कूल में जर्मन हैंगर स्ट्रक्चर (पंडाल) खड़ा किया जा रहा था। इसी दौरान व्यवस्था को देखने पहुंचे कांग्रेस महानगर महासचिव आलोक पिता के पिता अमर मेहता के सिर पर एक एल्युमिनियम का खंभा गिर गया था। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। यह खबर देर रात कांग्रेस के केंद्रीय पदाधिकारियों को दी गई। ब्यूरो

छात्रों की गूंज में युवाओं ने उठाया रोजगार का मुद्दा

देहरादून। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम में पहुंचे युवाओं ने अपने मुद्दों को मजबूती से उठाया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों और युवाओं ने शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी और कॅरिअर के सीमित अवसरों पर चिंता जताई। युवाओं ने कहा कि आज के समय में सबसे बड़ी जरूरत रोजगार की है और इस दिशा में ठोस नीतिगत फैसले किए जाने चाहिए।

कार्यक्रम में शामिल युवाओं ने खुलकर अपनी समस्याएं साझा करते हुए कहा कि डिग्री हासिल करने के बाद भी उन्हें नौकरी नहीं मिल रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं में देरी, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी जैसी समस्याएं उनके सामने बड़ी चुनौती बनकर खड़ी हैं। युवाओं ने यह भी कहा कि सरकार को युवाओं के लिए रोजगार सृजन और कौशल विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए। संवाद

राहुल गांधी को काले झंडे दिखाने जा रहे हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं को रोका

देहरादून। राहुल गांधी के दून दौरे में काले झंडे दिखाने जा रहे हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने उनके कार्यालय पर ही रोक दिया।

काफी मशक्कत कर कार्यकर्ताओं ने जाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें जाने नहीं दिया। प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने बताया कि कार्यालय से निकलने से पहले ही पुलिस ने रोक दिया। वहीं, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने आक्रोश रैली निकाली।

कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस से महिला आरक्षण और महिला सशक्तीकरण के मुद्दे पर जवाब मांगा। महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए प्रदर्शन किया। ब्यूरो

कांग्रेस छात्रों के कंधों पर बंदूक रखकर उत्तराखंड में विस चुनावों पर निशाना लगाना चाहती: भट्ट

देहरादून। भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के छात्रों से संवाद कार्यक्रम को पूर्व नियोजित स्क्रिप्ट और छात्रों का कीमती समय खराब करने वाला ड्रामा बताया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि राहुल गांधी ने ऐसा कुछ भी नया नहीं कहा, जिससे लगा वो बीस दिन के अपने विदेश दौरे में नया सीख कर आएं हों। उन्होंने छात्रों की गूंज कार्यक्रम को कांग्रेसी राजनीति का फ्लॉप शो करार देते हुए कहा कि कांग्रेस छात्रों के कंधों पर बंदूक रखकर उत्तराखंड में विधानसभा चुनावों पर निशाना लगाना चाहती है। उन्होंने कहा कि आज का उनका कार्यक्रम, छात्रों से संवाद का नहीं, बल्कि राज्य में अपना जनाधार खो चुकी कांग्रेस और राहुल गांधी को स्थापित करने की एक हताश कोशिश भर है। ब्यूरो

हर्रावाला रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बोले विकसित भारत की नई पहचान

हर्रावाला। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हर्रावाला रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास उत्तराखंड के लिए गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर के 75 अमृत रेलवे स्टेशनों के लोकार्पण के साथ हर्रावाला स्टेशन भी आधुनिक सुविधाओं से युक्त नई पहचान बनकर उभरा है।

शुक्रवार को हर्रावाला रेलवे स्टेशन के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। सीएम धामी ने कहा कि लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित हर्रावाला रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है।

स्टेशन की वास्तुकला में उत्तराखंड की सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई देती है। परिसर में पारंपरिक पेपर माशे कला को स्थान देकर आधुनिकता और स्थानीय संस्कृति का सुंदर समन्वय किया गया है। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे तेजी से आधुनिक और सुरक्षित बन रही है। ब्रॉडगेज रेल लाइनों से मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग समाप्त की गई हैं। ट्रेनों की गति और तकनीकी क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा वंदे भारत और नमो भारत जैसी अत्याधुनिक ट्रेनें नए भारत की पहचान बन चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखंड में भी रेलवे और अन्य आधारभूत ढांचे का तेजी से विकास हो रहा है, जिससे प्रदेश में पर्यटन, व्यापार और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। ब्यूरो

प्रदेश के प्रत्येक जिले में खुलेंगी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटियां

समीक्षा बैठक में मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अधिकारियों को दिए निर्देश

देहरादून। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने घोषणा की है कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटियां स्थापित की जाएंगी। साथ ही, प्रत्येक मंडल में दो-दो क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटियां भी विकसित की जाएंगी। इसका उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाना और अधिक लोगों को सुलभ एवं पारदर्शी वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराना है।

विभागीय मंत्री ने ये निर्देश सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को जनपद और मंडल स्तर पर सोसाइटियां खोलने को कहा। मंत्री ने कहा कि इन सोसाइटियों से प्रदेश में सहकारिता सेवाओं का विस्तार होगा। इससे अधिक से अधिक लोगों को पारदर्शी वित्तीय सेवाएं मिल सकेंगी। प्रदेशभर की सभी सहकारी बैंक शाखाओं और सहकारी समितियों के भवनों को एक समान रंग व स्वरूप देने के निर्देश भी दिए। यह सहकारिता संस्थाओं की एक विशिष्ट पहचान विकसित करने के लिए है।

विभागीय मंत्री ने सभी सहकारी समितियों की भूमि की रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से करने को कहा। उन्होंने कहा, यह भविष्य में किसी भी प्रकार के स्वामित्व संबंधी विवादों से बचने के लिए आवश्यक है। बैठक में सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। रावत ने प्रशासक कार्यकाल की प्रगति रिपोर्ट भी तलब की। ब्यूरो

रुद्रपुर में 18 करोड़ से बनेगा ग्रीन बिल्डिंग कार्यालय

देहरादून। सचिव आवास डॉ. आर राजेश कुमार ने रानीखेत में दो पार्किंग परियोजनाओं और रुद्रपुर में ऊधमसिंह नगर विकास प्राधिकरण के नए कार्यालय भवन की समीक्षा की। उन्होंने समयबद्ध निर्माण के निर्देश दिए। रानीखेत में गैस गोदाम/आशियाना पार्क के पास 59 वाहनों की पार्किंग बनेगी। रोडवेज स्टेशन के निकट 154 वाहनों की पार्किंग सुविधा विकसित की जाएगी।

इन परियोजनाओं से रानीखेत में जाम की समस्या कम होगी। रुद्रपुर के कल्याणपुर गांव में 18 करोड़ की लागत से ऊधमसिंहनगर विकास प्राधिकरण का नया कार्यालय भवन बन रहा है।

यह भवन ग्रीन बिल्डिंग मानकों पर आधारित होगा, जिसमें सौर ऊर्जा और वर्षा जल संचयन शामिल होंगी। यह योजना भी जल्द पूरी हो जाने की उम्मीद है। डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से रानीखेत में पार्किंग में जाम कम होगा और पर्यटन बढ़ेगा। रुद्रपुर का नया कार्यालय ग्रीन बिल्डिंग का उत्कृष्ट उदाहरण बनेगा। संवाद

सीएम ने दी विकास योजनाओं के लिए 3.18 करोड़ की स्वीकृति

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ जिले के विधानसभा क्षेत्र गंगोलीहाट के तहत पांखू में विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण के लिए पांच करोड़ की स्वीकृति प्रदान करते हुए करते पहली किश्त के दो करोड़ मंजूर किए हैं।

लोहाघाट विधानसभा के तहत ग्राम पंचायत मोत्यूराज में मां कडॉई मंदिर का सौन्दर्यीकरण किये जाने के लिए 25 लाख, हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र पिरान कलियर के नगर पंचायत पिरान कलियर के अलग-अलग कार्यों के क्रियान्वयन के लिए 92.63 लाख की धनराशि मंजूर की है। ब्यूरो

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
विद्युत परीक्षण खण्ड, रूद्रपुर (उधम सिंह नगर)-263153
दूरभाष-05944-244991, फैक्स-05944-244991

निविदा विस्तारित सूचना

एतत्द्वारा इस कार्यालय की ई0-निविदा संख्या 10/2026-27 को दिनांक 17.07.2026 11:00 बजे तक निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि प्रस्तावित थी एवं दिनांक 18.07.2026 12:00 बजे खोला जाना प्रस्तावित था परन्तु निर्धारित तिथि दिनांक 17.07.2026 11:00 बजे तक उक्त निविदा में कोई निविदा बिड हार्ड प्रति में कार्यालय में प्राप्त नहीं हुयी/जमा की गयी। जिस कारण उक्त निविदा को 10 दिवसों हेतु विस्तारित किया जाता है, जिसमें निविदा को प्राप्त करने की अन्तिम विस्तारित तिथि 27.07.2026 11:00 बजे तक तथा निविदा खुलने की तिथि दिनांक 28.07.2026 12:00 बजे प्रस्तावित की जाती है।

निविदा की अन्य शर्तें एवं नियम पूर्ववत् रहेंगे।

राष्ट्रहित में बिजली बचायें
विद्युत बिलों के 24×7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं
Customer Toll Free No. 1800 419 0405

(उमकान्त चतुर्वेदी)
अधिशासी अभियन्ता

Letter No. 1685/ETD(R)/Dated : 17.07.2026

कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, उधमसिंह नगर।

पत्रांक-923/29-(एसआईआर)/2026 **प्रेस नोट** दि. 17.07.2026

जनपद की 09 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 62-जसपुर, 63-काशीपुर, 64-बाजपुर (अ.जा.), 65-गदरपुर, 66-रुद्रपुर, 67-किच्छा, 68-सितारगंज, 69-नानकमत्ता (अ.ज.जा.) एवं 70-खटीमा में निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन (Publication of Draft Electoral roll) दिनांक 14 जुलाई, 2026 को समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों / तहसील कार्यालयों एवं समस्त मतदेय स्थलों (पदाभीहित स्थलों) में किया गया है।

अतः जनपद के सभी अर्ह नागरिकों से अनुरोध है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रमानुसार निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन (Publication of Draft Electoral roll) दिनांक 14 जुलाई, 2026 को प्रकाशित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली में अपने व अपने परिवार के सदस्यों के नामों की जाँच एवं पुष्टि कर लें। यदि किसी अर्ह नागरिक का नाम आलेख्य निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है तो वे दिनांक 14 जुलाई, 2026 से 13 अगस्त, 2026 के दौरान संबंधित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (उप जिलाधिकारी) कार्यालयों या बी0एल0ओ0 को निर्धारित प्रारूप 6, 6क, 7 या 8 में से जो भी समुचित हो, उस प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं।

(नितिन सिंह भदौरिया)
जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी
उधमसिंह नगर।

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय रानीखेत

प्रवेश सूचना 2026-27

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, रानीखेत में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा I,II, III,V, 10,11 (विज्ञान) 11 (मानविकी) और 12 में प्रवेश के लिए दिनांक 18.07.2026 से 23.07.2026 तक (केवल कार्य दिवसों मे) पंजीकरण आमंत्रित किये जाते हैं। पंजीकरण फॉर्म विद्यालय की वेबसाइट https://ranikhet kvs.ac.in/ और दिए गये QR कोड पर उपलब्ध है। कक्षा X और XII में प्रवेश के लिए केवल केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चे ही पात्र हैं। सभी प्रवेश केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा जारी प्रवेश दिशानिर्देशो के अनुसार किये जाएंगे। पंजीकरण, कक्षावार रिक्तियों और अन्य जानकारी के लिए दिए गये QR कोड़ को स्कैन करें। पूर्ण रूप से भरे हुए पंजीकरण फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ दिनांक 18.07.2026 से 23.07.2026 तक अपराह्न 1 बजे से अपराह्न 2 बजे तक विद्यालय में जमा करवाये जा सकते हैं।

F.1391(Admission)/KVR/2026-27/ Date: 17.07.2026 प्राचार्य

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, रूद्रपुर जनपद ऊधम सिंह नगर

स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत दुकानों के आंवटन हेतु सूचनाः-

ग्राम फाजलपुर महरौला रामपुर रोड (झा इण्टर कालेज के समीप) स्थित कृषि उत्पादन मण्डी समिति, रूद्रपुर की नव निर्मित गल्ला मण्डी की 98 नग दुकानों को स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत दुकान संख्या 01, 02 04, 05, 06, 39 एवं 40 को छोड़कर शेष 91 नग दुकानों का आवंटन किया जाना है। अतः मण्डी समिति रूद्रपुर से लाईसेन्स प्राप्त खाद्यान के दुकान विहीन लाइसेंसधारी थोक व्यापारी एवं आढ़तिया को सूचित किया जाता है कि वे दिनांकः 01.08.2026 तक निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप रू0 10000.00 + 18% G.S.T रू0 1800.00 कुल रु0 11800.00 नकद भुगतान कर किसी भी कार्य दिवस में समिति कार्यालय से प्राप्त एवं दिनांक 04.08.2026 तक जमा किया जा सकता है। दुकान का किराया रू0-7500.00 प्रतिमाह एवं रू0-10.00 लाख (जी0एस0टी0 सहित) होगा। जिन व्यापारियो द्वारा पूर्व से रू0-50000.00 जमा कर आवेदन किया है, उन्हे पुनः आवेदन कर पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, उनका पूर्व का पंजीकरण मान्य होगा किन्तु फर्म को अपना सहमति पत्र कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी व्यापारी का प्रार्थना पत्र स्वीकार नही किया जायेगा। नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

सचिव — महाप्रबन्धक (वित्त)/अध्यक्ष दुकान/गोदाम आवंटन समिति

पत्रांक-कृ.उ.म.स./दु.आ.(स्व.पो.यो.)/2026-388 दि. 17.07.2026

उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर - 263153
कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UR2001SGC025867 दूरभाष : 05944-243405

विद्युत बाधित सूचना

विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम, रुद्रपुर से संबंधित समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि कलेक्ट्रेट परिसर, रुद्रपुर एवं सिडकुल में केबिल बदलने का कार्य प्रस्तावित है जिस हेतु निम्नलिखित तिथियों में निम्नलिखित उपकेन्द्रों की विद्युत आपूर्ति पूर्ण/आंशिक रुप से बाधित रहेगी।

33/11 के०वी० उपकेन्द्र	प्रभावित पोषक	प्रभावित क्षेत्र	दिनांक	अवधि
33/11 के०वी० उपकेन्द्र, मटकोटा	11 के०वी० कलेक्ट्रेट	कलेक्ट्रेट, जिला मजिस्ट्रेट, जिला अस्पताल, पुलिस लाईन. पी०ए०सी० इत्यादि	19.07.2026	प्रातः 09 बजे से 4 बजे तक
133/11 के०वी० उपकेन्द्र, सेक्टर-7, सिडकुल	33 के०वी० सेक्टर-7	ओमेक्स, एन्डयूरेन्स, टी०वी०एस०. सूर्योदया, बजाज, भवानी, पायलट, गुडयियर, दुर्गा फाईबर एवं अन्य	19.07.2026	प्रातः 09 बजे से 4 बजे तक
33/11 के०वी० उपकेन्द्र, भदईपुरा	11 के०वी० बी०एच०ई०एल०	मै० बी०एच०ई०एल०, आंचल आहार, किच्छा बाईपास रोड	19.07.2026	प्रातः 09 बजे से 6 बजे तक
33/11 के०वी० उपकेन्द्र, जीआई एस सर्किल	11 के०वी० रम्पुरा पोषक	खेड़ा, खेड़ा न्यायालय परिसर, दरियानगर, राजा कालोनी, भूत बंगला, प्रीत बिहार इत्यादि	20.07.2026	प्रातः 09 बजे से 4 बजे तक

अतः आपसे अनुरोध है कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त अवधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलायें, जिससे बैंक फिडिंग के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

No.: 516/EE(CM)/UPCL/A-2 Date: 17/07/2026 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं0 1912) बिजली बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाए।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185 /फैक्स संख्या - 0135-2760911 पर दें।)

क्या कब्जियत रहती है
कई इलाज बदल चुके हैं तो अब कब्ज़, गैस, पेट का भारीपन की मशहूर जुलाब की टेबलेट
कैस्टोफिन® टेबलेट/चूर्ण लें
CASTOPHENE®
Gives RELIEF in CONSTIPATION
Available at Medical Stores/ TATA 1mg M.: 8601841515

केनरा बैंक Canara Bank — भारत सरकार का उपक्रम — Syndicate — A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालय, हल्द्वानी, कुसुमखेड़ा, बालाजी बैंकेट हॉल के पास, चीनपुर, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड Email : recrohld@canarabank.com

कब्जा सूचना (चल/अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002, (2002 का संख्याक 54) की धारा 13(12) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग पत्र निम्न खाते के आगे वर्णित दिनांकों को (विवरण निम्न वर्णित है) सम्बन्धित ऋणी/बंधककर्ता/गारन्टर तथा सम्पत्ति के मालिकों से भुगतान की मांग करते हुए संबन्धित सूचना के अन्तर्गत राशि इस सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों में भुगतान करने के लिए निर्गमित किया। सम्बन्धित ऋणी/बंधककर्ता/गारन्टर द्वारा राशि के भुगतान में असफल होने पर ऋणियों को तथा जन सामान्य को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(4) तथा सपठित नियमों के निमय 8 व 9 के अन्तर्गत निम्नलिखित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। सम्बन्धित ऋणी/बंधककर्ता/गारन्टर को विशेषतया तथा जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्तियों में कोई व्यवहार न करें तथा उक्त सम्पत्तियों में किया गया कोई भी व्यवहार केनरा बैंक से सम्बन्धित राशि एवं ब्याज व अन्य खर्चों के अधीन होगा। उधारकर्ताओं का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को मुक्त कराने में उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा-13 की उपधारा (8) के प्रावधान को आकर्षित किया गया है।

क्र. सं.	शाखा का नाम ऋणी एवं जमानतियों का नाम व पता	बंधक चल/अचल सम्पत्तियों का विवरण	मांग नोटिस की तिथि	वर्तमान तिथि तक बकाया राशि
1.	शाखा : सितारगंज 1. श्रीमती बलविंदर कौर पत्नी श्री अजय पाल सिंह (कर्जदार) 2. श्री विक्रमजीत सिंह तूर पुत्र श्री अजय पाल सिंह (सह-कर्जदार)	बंधक अचल सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से जो कि खाता सं. 544, खसरा सं. 453/1/1 मिन, सितारगंज, ऊधम सिंह नगर-262311 में स्थित है। सीमायें- उत्तर में हरवंश सिंह को बेची गई भूमि, दक्षिण में इंद्रेश प्रताप सिंह का प्लॉट, पूरब में हरवंश सिंह की जमीन, पश्चिम में 20 फीट चौड़ा रास्ता। संपत्ति स्वामी : श्रीमती बलविंदर कौर पत्नी श्री अजय पाल सिंह।	29.04.2026 कब्जे की तिथि 15.07.2026	₹ 15,85,182.84 (रुपये पंद्रह लाख पिचासी हजार एक सौ बयासी एवं पैसे चौरासी मात्र) ब्याज एवं अन्य शुल्क के साथ दिनांक 14.07.2026 तक
2.	शाखा : सितारगंज 1. शिव ओम आर के स्क्रैप ट्रेडर्स (कर्जदार) द्वारा इसके प्रोपराइटर विजय यादव वाया राम केवल यादव	बंधक अचल सम्पत्ति (भूमि) के सभी भाग व हिस्से जो कि खाता सं. 185, खसरा सं. 24/1/2 मिन, ग्राम रामपुरा, वार्ड सं. 6, तहसील- सितारगंज, जिला- ऊधम सिंह नगर में स्थित है। क्षेत्रफल 197.29 वर्ग मीटर। सीमायें- उत्तर में रास्ता 30 फीट चौड़ा, दक्षिण में रेहाना कुरेशी का प्लॉट, पूरब में रास्ता, पश्चिम में विक्रेता की भूमि। संपत्ति स्वामी : श्री विजय यादव पुत्र श्री राम केवल यादव।	29.04.2026 कब्जे की तिथि 15.07.2026	₹ 26,27,747.13 (रुपये छब्बीस लाख सत्ताईस हजार सात सौ सैंतालीस एवं पैसे तेरह मात्र) ब्याज एवं अन्य शुल्क के साथ
3.	शाखा : बाजपुर 1. अमरेन्द्र सिंह पुत्र मुख्तार सिंह (कर्जदार) 2. मुख्तार सिंह पुत्र श्री गुरनाम सिंह (सह-कर्जदार) 3. श्री सिमरनपाल सिंह पुत्र मुख्तार सिंह (जमानती)	बंधक अचल सम्पत्ति (भूमि) के सभी भाग व हिस्से जो कि खाता सं. 46मिन, खसरा सं. 04मिन, खसरा सं. 14मिन, खसरा सं. 16मिन, ग्राम- बांसखेड़ा, तहसील- बाजपुर, ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) में स्थित है। क्षेत्रफल 0.249 हेक्टेयर। सीमायें- उत्तर में सर्वजीत सिंह की भूमि, दक्षिण में सुरेंद्रपाल की भूमि, पूरब में जगतार सिंह एवं दिलबाग सिंह की भूमि, पश्चिम में रास्ता। संपत्ति स्वामी : श्री सिमरनपाल सिंह पुत्र श्री मुख्तार सिंह।	11.05.2021 कब्जे की तिथि 13.07.2026	₹ 21,93,046.26 (रुपये इक्कीस लाख तिरानवे हजार छियालीस एवं पैसे छब्बीस मात्र) ब्याज एवं अन्य शुल्क के साथ दिनांक 13.07.2026 तक

दिनांक : 18.07.2026 स्थान : क्षेत्रीय कार्यालय, हल्द्वानी अधिकृत अधिकारी

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
शाखा : सितारगंज, किच्छा रोड, सितारगंज, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 262405, ई-मेल : Sittar@bankofbaroda.co.in
ई-नीलामी सूचना

चल/अचल संपत्तियों की नीलामी सूचना "परिशिष्ट IV-A" नियम 6(2) एवं 8(6) देखें

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनः निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सुरक्षा अधिनियम (पवर्तन) 2002 के साथ पठित नियम 6(2) एवं 8(6) के अधीन बैंक को बंधक रखी चल/अचल संपत्तियों की ई-नीलामी

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी एवं जमानतदार को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित संपत्ति बैंक ऑफ बडौदा के पास बंधक है एवं जिसका कब्जा बैंक के संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, खर्च एवं कीमत इत्यादि सहित वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत ई-नीलामी द्वारा विक्रय की जा रही है। निम्न वर्णित संपत्तियां "जहां है जैसी है एवं जो है जैसी है" के आधार पर ई-नीलामी के द्वारा विक्रय की जायेंगी। बकाएदार/जमानतदार/सम्पत्ति/यों का विवरण/बकाया धनराशि/रिजर्व प्राईज/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, आरक्षित मूल्य एवं न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है :-

क्र. सं.	ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	चल/अचल सम्पत्ति का विवरण	रिजर्व प्राईज / ईएमडी / न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि	दिनांक एवं ई-नीलामी के प्रारम्भ का समय / कब्जे का प्रकार	मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि / बकाया धनराशि
1.	1. मैसर्स जी.एल.डी. एग्री फूड्स (पार्टनरशिप फर्म), ग्राम मलपुरी, पीलीभीत रोड, सितारगंज, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 262405 2. श्री मदन लाल अग्रवाल उर्फ मदन लाल गोयल (पार्टनर एवं जमानती) पुत्र श्री गंगा राम, बोरिंग वालीगली वार्ड नं. 4/5, सितारगंज, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 262405 3. श्रीमती श्वेता गोयल पत्नी पीयूष गोयल (पार्टनर एवं जमानती), 47, वार्ड नं. 05, बोरिंग वालीगली, सितारगंज, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 262405 4. श्रीमती मीना जिंदल पत्नी श्री ईश्वर चंद्र जिंदल (पार्टनर एवं जमानती), 00 अस्पताल, वार्ड नं. 5, सितारगंज, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 262405 5. श्री पीयूष गोयल पुत्र मदन लाल अग्रवाल (जमानती), वार्ड नं. 4/5, सितारगंज, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 262405 6. श्री चेतन जिंदल पुत्र ईश्वर चंद्र (जमानती), जिंदल हॉस्पिटल, वार्ड नं. 05, सितारगंज, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 262405	1. बंधक अचल सम्पत्ति (भूमि) के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा नं. 97 (फसली वर्ष 1348-1389) अब 143 (फसली वर्ष 1426-1431), खेत नं. 12, क्षेत्रफल 0.206 हेक्टेयर, खेत नं. 17, क्षेत्रफल 0.322 हेक्टेयर एवं खेत नं. 18, क्षेत्रफल 0.0740 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 136 (फसली वर्ष 1384-1389) अब 142 (फसली वर्ष 1426-1431), खेत नं. 13/1 मिन, क्षेत्रफल 0.1780 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 59 (फसली वर्ष 1420-1425) अब 144 (फसली वर्ष 1426-1431), खेत नं. 19/1, क्षेत्रफल 0.0770 हेक्टेयर एवं खेत नं. 20/2, क्षेत्रफल 0.1010 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 0.958 हेक्टेयर (साथ में एवं उस पर बनी इमारतें), राजस्व ग्राम- मालपुरी, तहसील- सितारगंज, जिला ऊधम सिंह नगर में स्थित है। सम्पत्ति उप निबंधक के कार्यालय में बही सं. 1, जिल्द सं. 575, पृष्ठ सं. 1 से 12, क्रमांक सं. 2495, दिनांक 27.05.2013 को श्री मदनलाल अग्रवाल एवं श्रीमती श्वेता गोयल के नाम पर विधिवत पंजीकृत है। सीमायें (सेल डीड के अनुसार)-पूरब में पीलीभीत रोड, पश्चिम में गूल उत्तर में श्री योगेश गोयल की भूमि, दक्षिण में श्रीमती श्वेता गोयल एवं श्री जसवीर सिंह का प्लॉट। (मैसर्स जी.एल.डी. एग्री फूड्स में बंधक रखा गया है।) 2. बंधक अचल सम्पत्ति (भूमि) के सभी भाग व हि